gradeup

# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 1-7 जुलाई 2021

# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 1-7 जुलाई 2021

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **पहले सप्ताह** (1-7) जुलाई **2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. किस बैंक ने अपने डिजिटल परिवर्तन कार्यक्रम को तेज करने के लिए अमेजन वेब सर्विसेज (AWS) के साथ साझेदारी की _____ **एक्सिस बैंक।**

**नोट:**

- एक्सिस बैंक और AWS ने एक बहु-वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत बैंक नई डिजिटल वित्तीय सेवाओं के पोर्टफोलियो के निर्माण और कोर बैंकिंग अनुप्रयोगों के आधुनिकीकरण के लिए AWS का उपयोग करेगा।
- एक्सिस बैंक ने AWS पर 25 से अधिक मिशन प्रयोगी एप्लिकेशन तैनात किए हैं, जिसमें बाय नाउ पे लेटर सुविधा और इसमें सहायक एक नई ऋण प्रबंधन प्रणाली, अकाउंट एग्रीगेटर, वीडियो-नो योर कस्टमर तथा व्हाट्सएप बैंकिंग शामिल हैं।

2. किस स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वेतनभोगी पेशेवरों को व्यक्तिगत ऋण प्रदान करने के लिए डिजिटल ऋणदाता लोनटैप के साथ भागीदारी की _____ **उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- यह कदम उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की API बैंकिंग पहल के एक भाग के रूप में उठाया गया है।
- इस पहल के माध्यम से 150 से अधिक API उपलब्ध कराए जाएंगे, जो बदले में डिजिटल रूप से ऋण देना, डिजिटल देयताएं और फिनटेक को भुगतान जैसे उद्देश्यों के लिए तेज और सुरक्षित गठजोड़ की पेशकश करेंगे।
- यह कदम लोनटैप के प्लेटफॉर्म के माध्यम से बैंक की वित्तीय सेवाओं को विस्तृत ग्राहक श्रेणी तक पहुंचाने के दोहरे उद्देश्य को भी पूरा करता है, जो इन गतिविधियों को ऋण मांगने वाले उनके वेतनभोगी वर्ग के ग्राहकों के लिए आसान तथा अधिक सुविधाजनक बना देगा।

3. किस उद्योग समूह ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के अल रुवाइस शहर में एक विशाल पेट्रोकेमिकल संयुक्त उद्यम निर्माण हेतु UAE की सरकारी तेल कंपनी अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (ADNOC) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_____**रिलायंस इंडस्ट्रीज।**

**नोट:**

- यह परियोजना, ADNOC और ADQ (जिसे पहले अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग (ADDH) कंपनी के नाम से जाना जाता था) का एक संयुक्त उद्यम, संयुक्त अरब अमीरात के रुवाइस अबू धाबी में ताज़ीज़ औद्योगिक रासायनिक क्षेत्र में बनाया जाएगा। यह रिलायंस का UAE में पहला निवेश है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह समझौता ADNOC की 2030 रणनीति के अनुरूप ADNOC की अनुप्रवाही और उद्योग विकास योजनाओं को बढ़ाता है।
- TA'ZIZ साइट के विकास के पहले चरण के लिए अनुबंध प्रदान किए गए हैं।

**4.** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR) के अनुसार, बैंकों की सकल गैर-निष्पादित संपत्तियां (GNPA) मार्च 2022 तक कितने प्रतिशत तक बढ़ सकती है_____ **9.8 प्रतिशत।**

**नोट:**

- RBI द्वारा जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR) के अनुसार, बैंकों की सकल गैर-निष्पादित संपत्तियां (GNPA) आधार-रेखा परिदृश्य के तहत मार्च 2021 में 7.48 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2022 तक 9.8 प्रतिशत हो सकती हैं।
- गंभीर तनाव की स्थिति में, बैंकों का GNPA बढ़कर 11.22 प्रतिशत हो सकता है।

**5.** UNCTAD और यूएन वर्ल्ड टूरिस्ट ऑर्गनाइजेशन द्वारा संयुक्त रूप से जारी रिपोर्ट "कोविड-19 एंड टूरिज्म: एन अपडेट" के अनुसार, भारत में 2020 में पर्यटकों के आगमन में कितने प्रतिशत गिरावट देखी गई_____**54%।**

**नोट:**

- रिपोर्ट के अनुसार महामारी के कारण 2020 और 2021 के लिए वैश्विक GDP के संदर्भ में पर्यटन कम से कम 4 ट्रिलियन डॉलर का होगा।
- भारत में 2020 में पर्यटकों के आगमन में 54% की गिरावट हुई।
- रिपोर्ट के अनुसार लगभग 100 -120 मिलियन पर्यटन नौकरियां दांव पर हैं।

**6.** विश्व बैंक द्वारा विकासशील देशों के लिए कोविड -19 टीकों के लिए कुल कितनी राशि की घोषणा की गई है_____**20 बिलियन डॉलर।**

**नोट:**

- विश्व बैंक अगले 18 महीनों में कोविड -19 वैक्सीन वित्तपोषण के लिए उपलब्ध अपने वित्तपोषण को 20 बिलियन डॉलर तक बढ़ा रहा है, जो पहले घोषित 12 बिलियन डॉलर से 8 बिलियन डॉलर अधिक है।
- इसके अलावा, बैंक ने 51 विकासशील देशों, जिनमें से आधे अफ्रीका में हैं, के लिए कोविड टीकों की खरीद तथा परिनियोजन के लिए 4 बिलियन डॉलर से अधिक प्रदान किए।

**7.** किस ई-कॉमर्स कंपनी ने एक ऐप Shopsy लॉन्च किया है जो भारतीयों को बिना किसी निवेश के अपना ऑनलाइन कारोबार शुरू करने में सक्षम बनाएगा _____**फ्लिपकार्ट।**

**नोट:**

- फ्लिपकार्ट का लक्ष्य 2023 तक Shopsy की मदद से 25 मिलियन से अधिक ऑनलाइन उद्यमियों को सक्षम बनाना है।
- Shopsy के उपयोगकर्ता फ्लिपकार्ट के विक्रेताओं द्वारा पेश किए गए 15 करोड़ उत्पादों के विस्तृत संकलन के कैटलॉग साझा करने में सक्षम होंगे।

**8.** NABARD ने किस राज्य में ग्रामीण अवसंरचना विकास कोष (RIDF) के तहत चार पेयजल और 20 ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए 388 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं_____ **ओडिशा।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- RIDF की सहायता चार मेगा पाइप पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं की स्थापना के लिए है, जिनमें से कोरापुट जिले के बोईपारीगुडा ब्लॉक में एक, बालासोर जिले के नीलगिरी ब्लॉक में एक और मलकानगिरी जिले में दो हैं।
- जलापूर्ति परियोजनाओं का उद्देश्य चालू घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से उपभोक्ता तक हर दिन 70 लीटर प्रति व्यक्ति सुरक्षित और सुवाह्य पेयजल उपलब्ध कराना है।

**9.** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे' के निर्देशों के कुछ उपबंधों का अनुपालन नहीं करने के लिए किस PSU बैंक पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है_____ **पंजाब एंड सिंध बैंक।**

**नोट:**

- राष्ट्र के स्वामित्व वाले बैंक ने 16 और 20 मई, 2020 को RBI को कुछ साइबर वारदातों की सूचना दी थी।
- घटना रिपोर्ट की जांच और उक्त घटनाओं के फोरेंसिक विश्लेषण की रिपोर्ट से पता चला कि पूर्वोक्त निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया।
- RBI ने बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

**10.** किस बैंक ने देश भर के डॉक्टरों के प्रति महामारी के दौरान जीवन के जोखिम पर उनकी अथक सेवा के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने और आभार व्यक्त करने हेतु 'सलाम दिल से' पहल शुरू की _____**HDFC बैंक।**

**नोट:**

- इसके तहत बैंक ने www.salaamdilsey.com वेब प्लेटफॉर्म बनाया है।
- इसका उपयोग करते हुए, आम जनता लॉगऑन करके डॉक्टरों के लिए धन्यवाद संदेश व्यक्त कर सकती है जिसे डॉक्टरों के योगदान को स्वीकार करने और सम्मानित करने के लिए ई-मेल, सोशल मीडिया और व्हाट्सएप के माध्यम से तुरंत साझा किया जा सकता है।

**11.** किस बैंक ने डॉक्टरों के लिए व्यापक बैंकिंग समाधान 'सैल्यूट डॉक्टर्स' लॉन्च किया_____ **ICICI बैंक।**

**नोट:**

- यह समाधान मेडिकल छात्र से लेकर वरिष्ठ चिकित्सा सलाहकार तथा अस्पताल या क्लिनिक के मालिक तक प्रत्येक डॉक्टर को विशिष्ट बैंकिंग के साथ-साथ मूल्य वर्धित सेवाएं प्रदान करेगा।
- इसमें सैल्यूट डॉक्टर्स बचत खाता, सैल्यूट डॉक्टर्स चालू खाता, होम लोन, चिकित्सा उपकरण लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, एजुकेशन लोन आदि शामिल हैं।

**12.** भारतीय रिजर्व बैंक की नई नीलामी पद्धति के अनुसार किस अवधि की बेंचमार्क प्रतिभूतियों के लिए नीलामी एकाधिक मूल्य-आधारित नीलामी होगी_____ **30-वर्ष और 40-वर्ष दोनों।**

**नोट:**

- अन्य बेंचमार्क प्रतिभूतियों अर्थात 30-वर्ष और 40-वर्ष के लिए, नीलामी अब तक की तरह एकाधिक मूल्य-आधारित नीलामी जारी रहेगी।
- उपरोक्त व्यवस्था अगली समीक्षा तक जारी रहेगी।
- यह बाजार की स्थितियों और सरकार के बाजार ऋण कार्यक्रम की समीक्षा करते समय नियामक द्वारा ध्यान में रखा गया था।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**13.** किस डिजिटल भुगतान तथा वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म ने आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी में एक स्मॉल टिकट लोन 'पोस्टपेड मिनी' लॉन्च किया है, जो उपयोगकर्ताओं को 250 रुपये से 1,000 रुपये तक का ऋण प्राप्त करने की सुविधा देगा_____**पेटीएम।**

**नोट:**

- यह आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी में एक स्मॉल टिकट लोन (कम कीमत के ऋण) है जो उपयोगकर्ताओं को 250 रुपये से 1,000 रुपये तक का ऋण प्राप्त करने की सुविधा देगा।
- उत्पाद बाय नाउ, पे लेटर सेवा का एक विस्तार है, जो ऋण लेने वाले नए लोगों के बीच सामर्थ्य बढ़ाता है।

**14.** किस वित्तीय कंपनी के साथ डिजिटल भुगतान और वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म पेटीएम ने एक स्मॉल टिकट लोन 'पोस्टपेड मिनी' लॉन्च किया, जो उपयोगकर्ताओं को 250 रुपये से 1,000 रुपये तक का ऋण प्राप्त करने की सुविधा देगा _____ **आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड।**

**नोट:**

- यह आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी में एक स्मॉल टिकट लोन है जो उपयोगकर्ताओं को 250 रुपये से 1,000 रुपये तक का ऋण प्राप्त करने की सुविधा देगा।
- उत्पाद बाय नाउ, पे लेटर सेवा का एक विस्तार है, जो ऋण लेने वाले नए लोगों के बीच सामर्थ्य बढ़ाता है।
- ये कम कीमत के ऋण उपयोगकर्ताओं को लचीलापन प्रदान करेंगे और कोरोनावायरस (कोविड -19) महामारी के दौरान चलनिधि बनाए रखने के लिए उनके घरेलू खर्चों का प्रबंधन करने में भी मदद करेंगे।

**15.** किस डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म ने फ्लिपकार्ट के पे-ऑन-डिलीवरी ऑर्डर हेतु कॉन्टेक्टलेस 'स्कैन एंड पे' सुविधा लॉन्च करने के लिए ई-कॉमर्स कंपनी के साथ साझेदारी की है_____**फोनपे।**

**नोट:**

- फोनपे की QR कोड सुविधा अब उन ग्राहकों को प्राप्त होगी, जिन्होंने पहले से ही डिलीवरी के समय कैश ऑन डिलीवरी का विकल्प चुना था, वे डिलीवरी के समय किसी भी UPI ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से भुगतान कर सकते हैं।
- इसका उद्देश्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए व्यक्तिगत संपर्क को कम करने में मदद करना है, और उन ग्राहकों के लिए संपर्क रहित भुगतान उपलब्ध करना है जो परंपरागत रूप से कैश ऑन डिलीवरी के साथ अधिक सहज हैं।

**16.** राष्ट्र द्वारा संचालित बिजली कंपनी NTPC ने भारत में अपतटीय पवन ऊर्जा के विकास को बढ़ावा देने के लिए किस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ भागीदारी की है_____ **ONGC।**

**नोट:**

- भारत में तीन तरफ से पानी से घिरी लगभग 7,600 किमी की तटरेखा है और इस स्वच्छ स्रोत का उपयोग करने की अच्छी संभावनाएं हैं।
- इससे पहले पिछले वर्ष मई में, NTPC तथा ONGC ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए थे।

**17.** किस ऑनलाइन भुगतान समाधान प्रदाता ने वूकॉमर्स व्यापारियों को डिजिटल भुगतान अवसंरचना, और व्यावसायिक प्रक्रियाओं के पूर्ण डिजिटलीकरण को सक्षम बनाने के लिए वूकॉमर्स के साथ भागीदारी की है _____**पेयू।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वूकॉमर्स व्यापारी एक ओपन-सोर्स, अनुकूलनीय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है।
- साझेदारी व्यापारियों को लेन-देन पर विशेष मूल्य निर्धारण, किसी भी गुप्त शुल्क से मुक्ति और संपर्क रहित भुगतान समाधान प्रदान करेगी ताकि विकास और लाभप्रदता को बढ़ाया जा सके।
- हाल के एक सर्वेक्षण से पता चला है कि 82 प्रतिशत छोटे व्यवसायों ने महामारी के कारण नकारात्मक प्रभाव का अनुभव किया है और प्रौद्योगिकी को अपनाने से महामारी के बाद 35 प्रतिशत SMB के पुनरुद्धार में मदद मिल सकती है।

**18.** कोयला मंत्रालय द्वारा जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार भारत के कुल कोयला उत्पादन में कितनी गिरावट दर्ज की गई_____ **2.02%।**

**नोट:**

- कुल उत्पादन में से 685.951 MT का उत्पादन सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा किया गया था, और शेष 30.133 MT का उत्पादन निजी क्षेत्र से किया गया था।
- वित्तीय वर्ष 2021 में, छत्तीसगढ़ ने सर्वाधिक कोयला उत्पादन दर्ज किया, इसके बाद ओडिशा, मध्य प्रदेश और झारखंड का स्थान है।
- झारखंड कोकिंग कोल का शीर्ष उत्पादक था।

**19.** अमेरिका में प्रवेश लेने वाले छात्रों को कौन सा वित्तीय संस्थान एक अनूठा यूएस बैंक खाता प्रदान कर रहा है _____ **एल्ड्रा फाइनेंशियल इंक।**

**नोट:**

- यह एक मास्टरकार्ड ग्लोबल डेबिट कार्ड भी प्रदान करता है जिसे छात्रों को F-1 वीजा मिलने से पहले ही भारत से खोला और संचालित किया जा सकता है।
- एल्ड्रा एक सिलिकॉन-घाटी आधारित अग्रणी 'डिजिटल नियो बैंक' है।
- इसके लिए कोई न्यूनतम राशि की आवश्यकता नहीं है और इसमें विदेशी मुद्रा मूल्यवृद्धि शुल्क नहीं है।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रसिद्ध व्यक्ति राज कौशल का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे_____ **फिल्म निर्माता।**

**नोट:**

- उन्होंने अभिनेत्री-टीवी प्रस्तुतकर्ता मंदिरा बेदी से विवाह किया था। निर्देशन के अलावा, कौशल ने संजय सूरी और जूही चावला अभिनीत फिल्म निर्माता ओनिर की 2005 की प्रशंसित फिल्म "माई ब्रदर ... निखिल" का निर्माण भी किया था।
- अरशद वारसी और संजय दत्त द्वारा अभिनीत 2006 की थ्रिलर, "एंथनी कौन है?" उनकी अंतिम निर्देशित फिल्म थी।

**2.** प्रसिद्ध व्यक्ति के.वी. संपत कुमार का हाल ही में निधन हो गया है, वे एक अनुभवी थे_____ **पत्रकार।**

**नोट:**

- उन्हें अपनी पत्नी के साथ साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 2020 में भारत सरकार की ओर से पद्म श्री सम्मान के लिए चुना गया था।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उन्हें सिद्धरुधा पुरस्कार, शिवरात्रि देशीकेंद्र मीडिया पुरस्कार, अब्दुल कलाम पुरस्कार और अन्य जैसे कई पुरस्कार भी मिले हैं।

**3.** प्रसिद्ध व्यक्ति डोनाल्ड रम्सफेल्ड का हाल ही में निधन हो गया वह अनुभवी थे _____ **राजनीतिज्ञ।**

**नोट:**

- वह दो बार संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा सचिव और एक बार राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रहे।
- पूर्व सहयोगियों द्वारा बुद्धिमान तथा जुझारू, देशभक्त और राजनीतिक रूप से चालाक माने गए रम्सफेल्ड का चार राष्ट्रपतियों के शासन में और कॉर्पोरेट अमेरिका में लगभग एक चौथाई सदी का एक शानदार कैरियर था।

**4.** प्रख्यात खिलाड़ी एम. प्रसन्नन का हाल ही में निधन हो गया, वह किस खेल से संबंधित थे_____**फुटबॉल।**

**नोट:**

- वह संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में केरल, महाराष्ट्र और गोवा के लिए खेले।
- वह 1973 में मर्डेका कप में पी.के. बनर्जी द्वारा प्रशिक्षित और इंदर सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम के सदस्य थे।

**5.** महान अभिनेता दिलीप कुमार जिनका हाल ही में निधन हो गया, उन्होंने कितनी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता_____ **आठ।**

**नोट:**

- महान अभिनेता दिलीप कुमार (98 वर्षीय) का लंबी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया।
- दिलीप कुमार ने 1944 में फिल्म 'ज्वार भाटा' से हिंदी फिल्म की शुरुआत की।
- छह दशक से अधिक के करियर में, दिलीप कुमार ने 'मुगल-ए-आजम', 'नया दौर', 'बाबुल', 'दीदार', 'मधुमति', 'देवदास', 'गंगा जमुना', 'राम और श्याम', 'कर्म' जैसी कई हिट फिल्में दीं।
- विभिन्न अभिशप्त फिल्मों में दिलीप कुमार की छवि ने उन्हें 'ट्रेजेडी किंग' का खिताब दिलाया।

**6.** प्रसिद्ध व्यक्ति रिचर्ड डोनर का हाल ही में निधन हो गया वह एक अनुभवी थे _____ **फिल्म निर्माता।**

**नोट:**

- उन्हें "सुपरमैन", "द गोनीज़" और "लीथल वेपन" जैसी ब्लॉकबस्टर और क्लासिक फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है।
- डोनर, जिनका वास्तविक नाम रिचर्ड डोनाल्ड श्वार्ट्जबर्ग था, का जन्म न्यूयॉर्क में यहूदी माता-पिता के यहां 1931 में हुआ था।
- अपने करियर की शुरुआत में, डोनर एक अभिनेता बनने की आकांक्षा रखते थे, लेकिन उन्होंने अपनी आजीविका निर्देशन में पाई।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस राष्ट्र को स्वस्थ रखने में चिकित्सकों की भूमिका को सराहने के लिए हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है_____**1 जुलाई।**

**नोट:**

- सरकार ने 1991 में बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बी.सी. रॉय के योगदान के सम्मान में चिकित्सक दिवस की शुरुआत की।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- उन्होंने भारतीय चिकित्सा परिषद और भारतीय चिकित्सा संघ की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- उन्हें 4 फरवरी, 1961 को भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था।

**2.** राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____ **1 जुलाई।**

**नोट:**

- यह दिवस न केवल डाकियों को बल्कि डिलीवरी करने वाले सभी कर्मियों को भी धन्यवाद कहने का एक अनूठा अवसर है, क्योंकि ऑनलाइन खरीदारी हम में से कई लोगों के लिए जीवन रेखा बन गई है।
- इस दिवस की शुरुआत 1997 में संयुक्त राज्य अमेरिका के सिएटल के एक लोकप्रिय डाक सेवा प्रदाता द्वारा सह-डाक कर्मचारियों को उनके समर्पण हेतु सम्मानित करने के लिए की गई थी।

**3.** माल एवं सेवा कर (GST) हर वर्ष मनाया जाता है_____**1 जुलाई।**

**नोट:**

- 1 जुलाई की तारीख को केंद्र सरकार ने 2017 में 'GST दिवस' के रूप में निर्दिष्ट किया था (इस वर्ष इसकी चौथी वर्षगांठ है)।
- इन वर्षों के दौरान, सरकार द्वारा GST प्रणाली और अनुपालन तंत्र को सरल, पारदर्शी और तकनीक संचालित बनाने के लिए कई प्रमुख नीतिगत पहल की गईं।
- माल एवं सेवा कर (GST) भारत में एक अप्रत्यक्ष, बहु-स्तरीय, व्यापक कर है, जो वस्तुओं तथा सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया जाता है।

**4.** विश्व खेल पत्रकार दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाता है_____ **2 जुलाई।**

**नोट:**

- इस दिवस का उद्देश्य खेल पत्रकारों के कार्यों की सराहना करना और उन्हें अपने काम को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। खेल पत्रकार दुनिया के लाखों लोगों को विभिन्न खेलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करते हैं।
- इन पेशेवरों ने पूरी दुनिया में कई प्रकार के खेलों के विकास में मदद की है।
- अपने पेशे में मानकों को बनाए रखने के लिए इन पत्रकारों के अपने संघ हैं।

**5.** अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस (#CoopsDay) हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _____ **जुलाई का पहला शनिवार (3 जुलाई 2021)।**

**नोट:**

- इस वर्ष, यह 3 जुलाई को "Rebuild better together" विषय के साथ मनाया जा रहा है।
- इस दिवस को आधिकारिक तौर पर 1995 में अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (ICA) की शताब्दी पर UNGA द्वारा शुरू किया गया था।
- इसका उद्देश्य इस महामारी में सभी को सशक्त तथा एकजुट करना है।

**6.** विश्व ज़ूनोस दिवस जूनोटिक रोगों के जोखिम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष मनाया जाता है_____ **6 जुलाई।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- ज़ूनोज़ संक्रामक रोग (विषाणु, जीवाणु और परजीवी) हैं जो जंतुओं से मनुष्यों, तथा मनुष्यों से जंतुओ में या तो प्रत्यक्ष रूप में या अप्रत्यक्ष रूप में विषाणु-जनित या खाद्य-जनित रूप से फैल सकते हैं।
- 6 जुलाई, 1885 को लुई पाश्चर ने रेबीज वायरस के खिलाफ पहला टीका प्रदान किया, जो एक जूनोटिक रोग है।

**7.** विश्व चॉकलेट दिवस या अंतर्राष्ट्रीय चॉकलेट दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_____**7 जुलाई।**

**नोट:**

- यह दिवस हमारे जीवन में चॉकलेट के अस्तित्व की सराहना करता है। इसे चॉकलेट खाकर और इसे अपनों के साथ बांटकर मनाया जाता है।
- यह दिवस चॉकलेट का एक वार्षिक वैश्विक उत्सव है, जो लोगों को पेट भर खाने तथा दोषमुक्त रहते हुए इसमें शामिल होने की अनुमति देता है।
- इस दिन, दुनिया भर के चॉकलेट प्रेमी बिना किसी अपराधबोध के विभिन्न प्रकार की चॉकलेट खाने का आनंद लेते हैं या केक, पेस्ट्री, सिनफुल और गूई ब्राउनी, हॉट चॉकलेट या चॉकलेट मूस जैसे कई व्यंजन बनाते हैं।

## नई नियुक्तियां

**1.** भारतीय वायु सेना का नया उप प्रमुख किसे नियुक्त किया गया _____ **विवेक राम चौधरी।**

**नोट:**

- वह एयर मार्शल हरजीत सिंह अरोड़ा की जगह लेंगे।
- वह वर्तमान में IAF की वेस्टर्न एयर कमांड (WAC) के कमांडर-इन-चीफ हैं।
- राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र, एयर मार्शल चौधरी को 29 दिसंबर, 1982 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में शामिल किया गया था।

**2.** नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) के नए प्रबंध निदेशक का कार्यभार किसने संभाला _____ **सतीश अग्निहोत्री।**

**नोट:**

- उन्होंने लगभग नौ वर्षों तक रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) के अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक के रूप में काम किया था।
- NHSRCL को भारत में हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के वित्त, निर्माण, रखरखाव तथा प्रबंधन के उद्देश्य से 2016 में निगमित किया गया।

**3.** खादी प्राकृतिक पेंट के ब्रांड एंबेसडर _____ **नितिन गडकरी।**

**नोट:**

- वह युवा उद्यमियों को गोबर से बने पेंट के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने हेतु देश भर में इस पेंट का प्रचार करेंगे।
- उन्होंने जयपुर में खादी प्राकृतिक पेंट की एक नई स्वचालित विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया।
- मंत्री ने सफल शोध के लिए खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की सराहना की।

**4.** उत्तराखंड के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली _____ **पुष्कर सिंह धामी।**

**नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- राज्यपाल रानी मौर्य ने देहरादून के राजभवन में श्री धामी को शपथ दिलाई।
- पुष्कर सिंह धामी राज्य के सबसे युवा मुख्यमंत्री हैं।
- वह लगभग चार महीने में तीसरे मुख्यमंत्री होंगे।
- वह राज्य के उधम सिंह नगर जिले के खटीमा निर्वाचन क्षेत्र से दो बार विधायक रहे हैं।

**5.** अनुभवी अधिवक्ता के.एन. भट्टाचार्जी को किस राज्य का नया लोकायुक्त नियुक्त किया गया है_____ **त्रिपुरा।**

**नोट:**

- वह त्रिपुरा लोकायुक्त अधिनियम, 2008 के तहत लोक सेवकों और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतों का निपटान करेंगे।
- भट्टाचार्जी राज्य के तीसरे लोकायुक्त होंगे।
- उनसे पूर्व 2017 में कोलकाता तथा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सुबल बैद्य लोकायुक्त बने थे।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** स्टार्टअप ब्लिंक द्वारा ग्लोबल स्टार्टअप इकोसिस्टम इंडेक्स 2021 में भारत का स्थान _____**20वां।**

**नोट:**

- भारत 2019 में 17वें स्थान पर था और 2020 में छह स्थान नीचे गिरकर 23वें स्थान पर पहुंच गया था।
- पिछले वर्ष की तरह, अमेरिका, ब्रिटेन, इज़राइल, कनाडा और जर्मनी शीर्ष पांच स्थानों पर हैं।
- रिपोर्ट में प्रत्येक स्थान के लिए एक अंक होता है, जिसकी गणना तीन मापदंडों - मात्रा, गुणवत्ता और व्यावसायिक वातावरण के योग के आधार पर की जाती है।

**2.** जुलाई 2021 में, भारत सरकार के किस प्रमुख कार्यक्रम ने अपने कार्यान्वयन के छह वर्ष पूरे किए _____**डिजिटल इंडिया।**

**नोट:**

- डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का दृष्टिकोण भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और सुशिक्षित अर्थव्यवस्था में बदलना है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जुलाई, 2015 को इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की शुरुआत की थी।
- पिछले 6 वर्षों में डिजिटल इंडिया का सफर सशक्तिकरण, समावेश और डिजिटल परिवर्तन पर केंद्रित रहा है। इसने आधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, सामान्य सेवा केंद्रों, डिजिलॉकर और मोबाइल आधारित UMANG सेवाओं के माध्यम से भारतीय नागरिकों के जीवन के सभी पहलुओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

**3.** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने ग्रीन फ्रेट कॉरिडोर-2 के तहत किस बंदरगाह से पहली जलयात्रा शुरू की_____**कोचीन।**

**नोट:**

- MoS मनसुख मंडाविया ने सेवा के तहत पहली जलयात्रा का उद्घाटन किया, जो मुंबई स्थित राउंड द कोस्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित है।
- नई लॉन्च की गई सेवा केरल में कोचीन को बेपोर-अझिक्कल और बाद में कोल्लम बंदरगाहों से जोड़ेगी।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

4. हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा छठी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पेश की गई फाइनेंशियल लिटरेसी टेक्स्टबुक को किस संस्था ने तैयार किया है_____ **NPCI।**

**नोट:**

- नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने पुस्तक तैयार की है।
- इस पुस्तक का उपयोग एक नए शुरू किए गए वैकल्पिक विषय 'फाइनेंशियल लिटरेसी' (वित्तीय साक्षरता) के लिए किया जाएगा।
- यह विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा के प्रारंभिक चरण में बुनियादी वित्तीय अवधारणाओं की समझ रखने में सक्षम बनाएगा।

5. किस सोशल मीडिया कंपनी ने नए सूचना प्रौद्योगिकी (IT) नियम 2021 के तहत अपनी पहली पारदर्शिता रिपोर्ट प्रकाशित की है_____**गूगल।**

**नोट:**

- इसने अप्रैल 2021 के लिए रिपोर्ट प्रकाशित की।
- गूगल को अप्रैल महीने में कुल 27,762 शिकायतें मिलीं, और 59,350 सामग्रियों को हटाया गया था।
- नए IT नियमों के तक प्रमुख सोशल मीडिया मध्यस्थों (SSMI) जैसे गूगल, फेसबुक, आदि को उपयोगकर्ता की शिकायतों पर की गई कार्यवाही पर मासिक रिपोर्ट प्रकाशित करने की आवश्यकता होती है।

6. अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (AJNIFM) ने अपने यहां AI तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के उत्कृष्टता केंद्र के निर्माण हेतु किस संस्था के साथ रणनीतिक साझेदारी के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं _____**माइक्रोसॉफ्ट।**

**नोट:**

- साझेदारी का उद्देश्य भारत में सार्वजनिक वित्त प्रबंधन के भविष्य को बदलने और आकार देने के लिए क्लाउड, AI तथा उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका का पता लगाना है।
- उत्कृष्टता केंद्र अनुसंधान, AI परिदृश्य की कल्पना और तकनीक आधारित नवाचार के लिए एक केंद्रीय संस्था के रूप में काम करेगा।
- AJNIFM तथा माइक्रोसॉफ्ट संयुक्त रूप से केंद्रीय तथा राज्य मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में वित्त तथा संबंधित क्षेत्रों में उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग के मामलों का पता लगाएंगे।

7. केंद्र सरकार ने कहां पर स्थित राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान में एक नई वैक्सीन परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना को वित्त पोषित किया है_____ **हैदराबाद।**

**नोट:**

- प्रयोगशाला के लिए पीएम-केयर्स फंड से राशि स्वीकृत की गई है।
- यह हैदराबाद में राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान में स्थापित की जाएगी और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन होगी।
- यह हैदराबाद में फार्मेसी क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।

8. कोयला मंत्रालय द्वारा जारी 2020-21 के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में किस राज्य ने सर्वाधिक कोयला उत्पादन दर्ज किया_____ **छत्तीसगढ़।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के दौरान भारत का कुल कोयला उत्पादन 2.02% की मामूली गिरावट के साथ 716.084 मिलियन टन दर्ज किया गया।
- देश ने वित्त वर्ष 2020 में 730.874 मिलियन टन (MT) कोयले का उत्पादन किया था।
- कुल 716.084 MT उत्पादन में से 671.297 MT नॉन-कोकिंग कोयला था और शेष 44.787 MT कोकिंग कोयला था।

**9.** शिक्षा मंत्रालय द्वारा आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान का सार्वभौमिक उपार्जन सुनिश्चित करने हेतु एक सक्षम वातावरण निर्माण के लिए कौन सा कार्यक्रम शुरू किया गया, ताकि हर बच्चा 2026-27 तक वांछित अधिगम क्षमता प्राप्त कर सके _____ **NIPUN भारत।**

**नोट:**

- उद्देश्य: आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान का सार्वभौमिक उपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए एक सक्षम वातावरण बनाना, ताकि हर बच्चा 2026-27 तक वांछित अधिगम क्षमता प्राप्त कर सके।
- इसे स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा लागू किया जाएगा और इसे राष्ट्रीय-राज्य-जिला-ब्लॉक-स्कूल स्तर पर स्थापित किया जाएगा।

**10.** विश्व का तीसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम भारत के किस शहर में बनेगा _____ **जयपुर।**

**नोट:**

- स्टेडियम का निर्माण जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर चॉम्प गांव में होगा।
- इसका निर्माण दो चरणों में किया जाएगा और दोनों चरणों का निर्माण कार्य पूरा होने में 5 वर्ष लगेंगे।
- दो सबसे बड़े स्टेडियम: मोटेरा में नरेंद्र मोदी स्टेडियम और ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम।

**11.** उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग ने ONDC पर एक परियोजना शुरू की है। ONDC में C का क्या अर्थ है _____ **Commerce (वाणिज्य)।**

**नोट:**

- उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) पर एक परियोजना शुरू की है।
- इसका उद्देश्य किसी विशिष्ट प्लेटफॉर्म से स्वतंत्र ओपन स्पेसिफिकेशंस और ओपन नेटवर्क प्रोटोकॉल का उपयोग करके ओपन सोर्स पद्धति पर विकसित ओपन नेटवर्क को बढ़ावा देना है।
- ONDC से पूरी मूल्य श्रृंखला को डिजिटल बनाने, संचालन का मानकीकरण करने, आपूर्तिकर्ताओं के समावेशन को बढ़ावा देने, रसद में दक्षता प्राप्त करने और उपभोक्ता मूल्य बढ़ने की उम्मीद है।

**12.** पर्यटन मंत्रालय ने देश के आतिथ्य एवं पर्यटन उद्योग को मजबूत करने के लिए किस संस्था के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं_____ **यात्रा।**

**नोट:**

- MoU का प्राथमिक उद्देश्य उन आवास इकाइयों को व्यापक दृश्यता प्रदान करना है, जिन्होंने OTA प्लेटफॉर्म SAATHI पर स्वयं को प्रमाणित किया है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- MoU दोनों पक्षों को NIDHI तथा इसके बाद SAATHI पर पंजीकरण करने के लिए इकाइयों को प्रोत्साहित करने और स्थानीय पर्यटन उद्योग को कोविड-19 के प्रसार को रोकने हेतु उचित सुरक्षा उपायों के साथ प्रोत्साहित करने की रूपरेखा भी प्रदान करता है।

**13.** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा लॉन्च किया गया ऑनलाइन कोर्स मोबाइल ऐप मत्स्य सेतु विकसित करने वाला सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेशवाटर एक्वाकल्चर कहां स्थित है_____ **भुवनेश्वर।**

**नोट:**

- ऐप ICAR-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फ्रेशवाटर एक्वाकल्चर, भुवनेश्वर द्वारा विकसित किया गया है।
- इसे राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।
- ऑनलाइन कोर्स ऐप का उद्देश्य देश के मत्स्यपालन किसानों तक नवीनतम मीठे जल की जलीय कृषि प्रौद्योगिकियों का प्रसार करना है।

**14.** 'सहकार से समृद्धि' के स्वप्न को साकार करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अलग से कौन सा मंत्रालय बनाया गया है _____ **सहकारिता मंत्रालय।**

**नोट:**

- यह मंत्रालय देश में सहकारी गतिविधियों को सशक्त करने के लिए एक अलग प्रशासनिक, विधिक तथा नीतिगत ढांचा उपलब्ध कराएगा।
- यह जमीनी स्तर तक पहुंचने वाले सच्चे व्यक्तियों पर आधारित आंदोलन के रूप में सहकारी समितियों को गहरा करने में मदद करेगा।
- एक सहकारी आधारित आर्थिक विकास मॉडल अत्यंत प्रासंगिक है जहां प्रत्येक सदस्य जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करता है।

**15.** किस संस्थान ने विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में इंडो पैसिफिक बिजनेस समिट के प्रथम संस्करण का आयोजन किया _____ **CII।**

**नोट:**

- इस कार्यक्रम में इंडो पैसिफिक के विभिन्न देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने भाग लिया।
- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व), रीवा गांगुली दास ने सीमा पार संबंधों और व्यापार बुनियादी ढांचे में सुधार के माध्यम से हिंद-प्रशांत में व्यापार सुविधा को बढ़ावा देने के बारे में बात की।

**16.** किस संस्थान ने संसदीय स्थायी शिक्षा समिति को देश में सैटेलाइट टीवी कक्षाओं के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु अपनी मंजूरी दी है ताकि कोविड में हुए लॉकडाउन के कारण शिक्षा के अंतर को पाटा जा सके _____ **इसरो।**

**नोट:**

- इसरो के वैज्ञानिक समिति के समक्ष उपस्थित हुए और विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित सैटेलाइट टीवी कक्षा के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी।
- इसरो ने जोर देकर कहा कि वह राज्यों को सैटेलाइट टीवी कक्षाएं शुरू करने के लिए सैटेलाइट अधिकार प्रदान करने को तैयार है।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य सरकार ने नई 'एपी सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2021-24' का अनावरण किया है, जिससे अगले तीन वर्षों में 55,000 से अधिक नौकरियों के सृजन की उम्मीद है_____ **आंध्र प्रदेश।**

   **नोट:**
   - इससे अगले तीन वर्षों में 55,000 से अधिक नौकरियों के सृजन की उम्मीद है।
   - नई नीति से 1.65 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की भी उम्मीद है जिससे समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का विकास सुनिश्चित होगा।
   - यह नीति 31 मार्च, 2024 तक लागू रहेगी।
2. किस राज्य सरकार ने कोविड-19 प्रभावित परिवारों के लिए एक सामाजिक क्षेत्र की योजना 'मुख्यमंत्री कोविड-19 परिवार आर्थिक सहायता योजना' शुरू की है _____ **दिल्ली।**

   **नोट:**
   - यह कोविड-19 प्रभावित परिवारों के लिए एक सामाजिक सुरक्षा योजना है।
   - इस योजना के तहत, दिल्ली सरकार मृतक के परिवार में प्रत्येक मृत व्यक्ति के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि और परिवार में कमाने वाले व्यक्ति को खोने वाले परिवारों को 2,500 रुपये का मासिक भुगतान करेगी।
   - जो बच्चे अनाथ हो गए थे, उन्हें 25 वर्ष की आयु तक 2,500 रुपये मासिक प्रदान किए जाएंगे।
3. पंचमुली झील किस राज्य में स्थित है जहां से पर्यटकों की सुरक्षा के लिए 194 मगरमच्छों को स्थानांतरित किया गया है _____ **गुजरात।**

   **नोट:**
   - पंचमुली झील, केवड़िया में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा के पास स्थित है।
   - पंचमुली झील, जिसे सरदार सरोवर बांध के 'डाइक-3' के नाम से भी जाना जाता है, को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में आने वाले पर्यटकों के लिए तैयार किया गया था।
   - झील में अभी भी काफी मगरमच्छ हैं।
4. MoEFCC ने किस राज्य में स्थित रामगढ़ विषधारी अभयारण्य को टाइगर रिजर्व में बदलने की मंजूरी दी, जो राज्य में चौथा टाइगर रिजर्व बन गया_____ **राजस्थान।**

   **नोट:**
   - रामगढ़ विषधारी अभयारण्य राज्य में पूर्वोत्तर में स्थित रणथंभौर टाइगर रिजर्व और दक्षिण में स्थित मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व को जोड़ेगा।
   - 2018 की बाघ गणना के अनुसार, तीन अभयारण्यों में 102 बाघ हैं - सवाई माधोपुर में रणथंभौर टाइगर रिजर्व, अलवर में सरिस्का टाइगर रिजर्व और कोटा में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व।
5. किस राज्य सरकार ने नए दिशानिर्देशों के साथ 'YSR बीमा' योजना शुरू की है, जहां सरकार बीमा दावों को आसान बनाने के लिए स्वयं मृतक के परिवार को सीधे बीमा राशि का भुगतान करेगी _____ **आंध्र प्रदेश।**

   **नोट:**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- YSR बीमा योजना के माध्यम से 1.32 लाख परिवारों की सहायता करने के लिए, राज्य सरकार ने वर्ष 2021-22 के लिए 750 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।
- पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने YSR बीमा पर 1307 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

**6.** किस राज्य सरकार ने उच्च अध्ययन का लक्ष्य रखने वाले विद्यार्थियों के लिए एक शिक्षा ऋण योजना 'स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड' शुरू की है _____ **पश्चिम बंगाल।**

**नोट:**

- यह योजना साधारण वार्षिक ब्याज के साथ 10 लाख रुपये तक का सुलभ ऋण प्रदान करेगी। ऋण देश या विदेश में स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और पोस्टडॉक्टोरल अध्ययन के लिए उपलब्ध होगा।
- राज्य में कम से कम 10 वर्ष रहने वाले विद्यार्थी 40 वर्ष की आयु तक योजना के पात्र होंगे और ऐसे विद्यार्थी 15 वर्ष में ऋण चुका सकते हैं।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** किस देश ने भूटान की शाही सरकार के साथ मॉडल टेक्निकल ट्रेनिंग सेंटर (MTTC) की स्थापना पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_____ **सिंगापुर।**

**नोट:**

- समझौते पर भूटान के विदेश मंत्रालय के द्विपक्षीय कार्य निदेशक सोनम टोबगे और भूटान में सिंगापुर के एंबेसडर साइमन वोंग ने हस्ताक्षर किए।
- इसे बाहरी दुनिया के लिए भूटान के दरवाजे खुलने के परिणामों के रूप में देखा जाता है।
- भारत, जिसके साथ भूटान के विशेष संबंध हैं, के सिंगापुर के साथ मधुर संबंध हैं, और वह हाल के वर्षों में राजस्थान और असम जैसे स्थानों में भारतीय युवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना कर रहा है।

**2.** स्टार्टअप ब्लिंक द्वारा ग्लोबल स्टार्टअप इकोसिस्टम इंडेक्स 2021 में कौन सा देश पहले स्थान पर है_____**अमेरिका।**

**नोट:**

- भारत 2019 में 17वें स्थान पर था और 2020 में छह स्थान नीचे गिरकर 23वें स्थान पर पहुंच गया था।
- पिछले वर्ष की तरह, अमेरिका, ब्रिटेन, इज़राइल, कनाडा और जर्मनी शीर्ष पांच स्थानों पर हैं।
- रिपोर्ट में प्रत्येक स्थान के लिए एक अंक होता है, जिसकी गणना तीन मापदंडों - मात्रा, गुणवत्ता और व्यावसायिक वातावरण के योग के आधार पर की जाती है।

**3.** दिसंबर 2021 में चालू होने वाला रामपाल मैत्री पावर प्रॉजेक्ट भारत द्वारा किस देश में बनाया जा रहा है _____ **बांग्लादेश।**

**नोट:**

- यह कार्यक्रम बांग्लादेश की मुक्ति के स्वर्ण जयंती समारोह के साथ होगा।
- दूसरी इकाई संबद्ध संचार तंत्र के कार्यान्वयन के समय चालू होने की उम्मीद है।
- दोनों देशों के ऊर्जा सचिवों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

4. विश्व का दूसरा सबसे बड़ा जलवैद्युत बांध, बैहेतन बांध किस देश में स्थित है जिसे आधिकारिक तौर पर चालू किया गया_____ **चीन।**

**नोट:**

- यांग्त्ज़ी की सहायक नदी, जिंशा नदी पर बैहेतन बांध, ऐसे समय में अधिक जलवैद्युत क्षमता का निर्माण करके जीवाश्म ईंधन की बढ़ती मांग को रोकने के चीन के प्रयासों की दिशा में एक कदम है, जब पर्यावरणीय शिकायतों के कारण अन्य देशों में बांधों के पक्ष में गिरावट आई है।
- 289 मीटर ऊंचे (954 फुट ऊंचे) बैहेतन बांध में 16 उत्पादन इकाइयां लगाने की योजना है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 1 मिलियन किलोवाट है। 2003 में यांग्त्ज़ी पर 22.5 मिलियन किलोवाट उत्पादन क्षमता के साथ खोले गए थ्री गोरजेस बांध के बाद यह आकार में दूसरा होगा।

5. मलेरिया को मिटाने के 70 वर्ष के प्रयास के बाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किस देश को मच्छर जनित रोग मुक्त प्रमाणित किया गया_____ **चीन।**

**नोट:**

- मच्छर जनित रोग को मिटाने के 70 वर्ष के प्रयास के बाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चीन को मलेरिया मुक्त प्रमाणित किया गया था।
- देश में 1940 के दशक में प्रतिवर्ष संक्रामक रोग के 30 मिलियन मामले दर्ज किए गए, लेकिन अब लगातार चार वर्ष बिना किसी मामले के बीत गए हैं।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. डॉ. राजेंद्र किशोर पांडा किस भाषा के कवि हैं जिन्होंने प्रतिष्ठित कुवेम्पु राष्ट्रीय पुरस्कार 2020 जीता_____ **ओड़िया।**

**नोट:**

- यह राष्ट्रीय पुरस्कार स्वर्गीय कवि कुवेम्पु की स्मृति में उन साहित्यकारों को सम्मानित करने के लिए शुरू किया गया था जिन्होंने संविधान की 8वीं अनुसूची में सूचीबद्ध किसी भी भाषा में योगदान दिया था।
- प्रतिष्ठित पुरस्कार में 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक रजत पदक और एक प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।
- 24 जून 1944 को जन्मे डॉ. पांडा ओड़िया भाषा के लेखक हैं। उनके 16 काव्य संग्रह और एक उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं।

2. किस अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइन को एयर ट्रांसपोर्ट वर्ल्ड (ATW) द्वारा "2021 एयरलाइन ऑफ द ईयर" पुरस्कार के लिए चुना गया है, जिसे विमानन उद्योग में ऑस्कर के रूप में भी जाना जाता है_____**कोरियन एयरलाइन।**

**नोट:**

- इसे विमानन उद्योग में ऑस्कर भी कहा जाता है।
- पुरस्कार समारोह 5 अक्टूबर को बोस्टन में आयोजित किया जाएगा।
- ATW का एयरलाइन ऑफ द ईयर पुरस्कार एक बड़ा सम्मान है जिसे वैश्विक विमानन उद्योग में ऑस्कर कहा जाता है।

3. वह भारतीय अभिनेत्री जिसके नाम पर भारतीय सेना ने गुलमर्ग में एक मिलेट्री फायरिंग रेंज का नाम रखा है _____**विद्या बालन।**



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

**नोट:**

- विद्या बालन फायरिंग रेंज गुलमर्ग, कश्मीर में स्थित है।
- इस वर्ष की शुरुआत में विद्या अपने पति सिद्धार्थ रॉय कपूर के साथ भारतीय थलसेना द्वारा आयोजित गुलमर्ग शीतकालीन महोत्सव में भी शामिल हुई थीं।
- इसके अलावा, कुछ दिनों पहले, यह घोषणा की गई थी कि उन्हें ऑस्कर के शासी निकाय, एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

**4.** किस भारतीय उपक्रम ने OCO ग्लोबल द्वारा दुनिया का नवीनतम इनवेस्टमेंट प्रमोशन एजेंसी अवॉर्ड 2021 जीता_____ **'इन्वेस्ट इंडिया'।**

**नोट:**

- **OCO ग्लोबल** एक प्रमुख आर्थिक विकास सलाहकार कंपनी है, जो अंतर्राष्ट्रीय निवेश तथा व्यापार पर दुनिया भर में सरकार और कंपनियों के साथ काम कर रही है।
- 2009 में स्थापित इन्वेस्ट इंडिया वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के अधीन एक गैर-लाभकारी उद्यम है।

## खेल समाचार

**1.** 2002 में सर्गेई कारजाकिन द्वारा बनाए गए 12 वर्ष 7 महीने के रिकॉर्ड को तोड़ने वाले सबसे युवा शतरंज ग्रैंडमास्टर_____**अभिमन्यु मिश्रा।**

**नोट:**

- अभिमन्यु ने 12 वर्ष, 4 महीने और 25 दिनों में यह उपलब्धि हासिल की।
- न्यू जर्सी के 12 वर्षीय खिलाड़ी ने बुडापेस्ट में अपना तीसरा GM मानदंड हासिल किया, वह 2500 ELO रेटिंग बैरियर की आवश्यकता को पहले ही पार कर चुके हैं।
- उन्होंने 15 वर्षीय भारतीय GM लियोन ल्यूक मेंडोंका को हराकर नौ राउंड में 2600 से अधिक प्रदर्शन रेटिंग हासिल की, जो एक GM मानदंड को पूरा करती है।

**2.** एम.पी. जबीर किस खेल से संबंधित हैं जिन्होंने हाल ही में टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया _____ **दौड़ (स्प्रिंटिंग)।**

**नोट:**

- जबीर ने विश्व रैंकिंग कोटे के माध्यम से क्वालीफाई किया जहां 14 जगह उपलब्ध हैं।
- 25 वर्षीय नाविक केरल के मलप्पुरम के रहने वाले हैं।
- वह वर्तमान में वर्ल्ड एथलेटिक्स रोड टू ओलंपिक रैंकिंग में 34वें स्थान पर हैं, जहां 40 एथलीट क्वालीफाई करते हैं।

**3.** सर्बिया में सिल्वर लेक ओपन शतरंज टूर्नामेंट किसने जीता है_____**निहाल सरीन।**

**नोट:**

- तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी नौ राउंड में आठ अंकों के साथ शीर्ष पर रहे।
- फाइनल राउंड में उन्होंने मेजबान ब्रैंको डैमलजानोविक को हराया।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- दूसरे और तीसरे स्थान पर भी भारतीयों ने कब्जा किया, क्योंकि रौनक साधवानी और अभिमन्यु पुराणिक ने सात-सात अंक हासिल किए।

**4.** ऑस्ट्रियाई ग्रैंड प्रिक्स 2021 किसने जीती _____ **मैक्स वेर्स्टाप्पेन।**

**नोट:**

- पोल पोजीशन से यह उनकी लगातार तीसरी जीत है।
- इससे लुईस हैमिल्टन पर उनकी विश्व चैंपियनशिप की बढ़त मजबूत हो गई।
- हैमिल्टन की मर्सिडीज टीम के साथी वाल्टेरी बोटास ने दूसरा और मैकलारेन के लैंडो नॉरिस ने तीसरा स्थान हासिल किया।

**5.** FIDE Chess.com वूमन स्पीड चेस चैंपियनशिप 2021 किसने जीती _____**होउ यिफ़ान।**

**नोट:**

- उन्होंने फाइनल में भारत की ग्रैंडमास्टर हरिका द्रोणवल्ली को 15-13 से हराया।
- चार बार की महिला विश्व चैंपियन तथा 2017 बील टूर्नामेंट की विजेता होउ ने अपने करियर में एक और प्रतिष्ठित खिताब जोड़ा।
- होउ ने एक कड़े मुकाबले में 20,000 डॉलर का प्रथम पुरस्कार जीता जिसमें उन्होंने अंतिम दो बुलेट गेम जीते।

**6.** लेवोन एरोनियन ने गोल्डमनी एशियन रैपिड ऑनलाइन चेस का खिताब जीता, वह किस देश से हैं_____ **अर्मेनिया।**

**नोट:**

- अर्मेनियाई ग्रैंडमास्टर ने रूसी शतरंज खिलाड़ी व्लादिस्लाव आर्टेमिएव को हराया।
- प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 30,000 डॉलर का पुरस्कार मिला।
- गोल्डमनी एशियन रैपिड मैग्नस कार्लसन द्वारा आयोजित मेल्टवाटर चैंपियंस चेस टूर का 7वां राउंड है।

**7.** टोक्यो पैरालिंपिक 2021 में भारतीय दल का ध्वजवाहक किन्हें नामित किया गया _____ **मरियप्पन थंगावेलु।**

**नोट:**

- 2016 रियो पैरालिंपिक में उनकी जीत के कारण भारतीय पैरालंपिक समिति (PCI) की कार्यकारी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।
- मरियप्पन थंगावेलु को खेल रत्न से सम्मानित किया गया था।
- उन्होंने 1.89 मीटर ऊंचा कूदकर 2016 रियो पैरालंपिक T-42 ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीता था।

**8.** टोक्यो ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में एम.सी. मैरीकॉम के साथ भारत के ध्वजवाहक कौन होंगे_____**मनप्रीत सिंह।**

**नोट:**

- IOA ने यह भी बताया कि पहलवान बजरंग पुनिया खेलों के समापन समारोह में ध्वजवाहक होंगे।
- भारतीय दल की आधिकारिक सदस्य संख्या लगभग 126 एथलीट और 75 अधिकारी समेत कुल 201 लोग होंगे।
- टोक्यो ओलम्पिक 23 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

**9.** टोक्यो गेम्स 2021 के समापन समारोह में ध्वजवाहक कौन होगा_____**बजरंग पुनिया।**

**नोट:**

- IOA ने यह भी बताया कि पहलवान बजरंग पुनिया खेलों के समापन समारोह में ध्वजवाहक होंगे।
- भारतीय दल की आधिकारिक सदस्य संख्या लगभग 126 एथलीट और 75 अधिकारी समेत कुल 201 लोग होंगे।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- टोक्यो ओलम्पिक 23 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

**10.** वह भारतीय महिला तैराक जो टोक्यो ओलंपिक 2021 के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली महिला और केवल तीसरी तैराक बनीं _____ **माना पटेल।**

**नोट:**

- माना पटेल ने यूनिवर्सलिटी कोटे से ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया
- यूनिवर्सलिटी कोटा एक देश के एक पुरुष और एक महिला एथलीट को ओलंपिक में भाग लेने की अनुमति देता है।
- माना पटेल टोक्यो में भारत के तैराकी दस्ते में साजन प्रकाश और श्रीहरि नटराजन के साथ भाग लेंगी।
- माना महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में भाग लेंगी।

## पुस्तकें एवं लेखक

**1.** 'नाथूराम गोडसे: द ट्रू स्टोरी ऑफ गांधीस अस्सैसिन' किसने लिखी _____**धवल कुलकर्णी।**

**नोट:**

- यह महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की जीवनी है।
- पैन मैकमिलन इंडिया 2022 तक पुस्तक प्रकाशित करेगा।
- पुस्तक में गोडसे के जीवन के अज्ञात पहलुओं, उनकी विचारधाराओं और अन्य कारकों को दर्शाया गया है जिनके कारण गांधी जी की हत्या हुई।

**2.** "इंडिया टू द रेस्क्यू" नामक बाल पुस्तक किसने लिखी _____ **श्रुति राव और सुशांत सिंह।**

**नोट:**

- पुस्तक का चित्रण शांगनिक चक्रवर्ती द्वारा किया गया था।
- पुस्तक में बचाव अभियान "ऑपरेशन कैक्टस" दिखाया गया है, जिसने 3 नवंबर 1988 को मालदीव संकट को टाल दिया।
- ऑपरेशन कैक्टस भारत के सबसे तेज और सफलतम मिशनों में से एक है।

**3.** "ऑपरेशन खुकरी" पुस्तक किसने लिखी है, जो 15 जुलाई 2021 को विमोचित होगी_____**राजपाल पुनिया और दामिनी पुनिया।**

**नोट:**

- पुस्तक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (PRHI) द्वारा प्रकाशित की गई है।
- यह पुस्तक सेना मेडल (मरणोपरांत) प्राप्त हवलदार कृष्ण कुमार को समर्पित है, जो ऑपरेशन खुकरी में शहीद हुए एकमात्र भारतीय सैनिक थे।
- पुस्तक के बारे में:
- यह पुस्तक 58वीं गोरखा राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर (CO) मेजर जनरल राजपाल पुनिया द्वारा प्रस्तुत प्रत्यक्ष विवरण है, जिन्होंने "ऑपरेशन खुकरी" को गुप्त रूप से आयोजित किया था।



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

## विज्ञान एवं रक्षा

1. स्टारलिंक किस वैश्विक कंपनी का एक सैटेलाइट इंटरनेट समूह है जो अगस्त 2021 तक ध्रुवीय क्षेत्रों को छोड़कर दुनिया में हर जगह ब्रॉडबैंड इंटरनेट प्रदान करेगा_____**स्पेसएक्स।**

**नोट:**

- स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कार्पोरेशन ने अब तक 1,500 से अधिक सैटेलाइट लॉन्च किए हैं और लगभग एक दर्जन देशों में इसके स्टारलिंक ऑपरेशन हैं।
- स्पेसएक्स का लक्ष्य दुनिया की 5% आबादी को ब्रॉडबैंड प्रदान करना है जहां पारंपरिक फाइबर और वायरलेस नेटवर्क नहीं पहुंच सकते हैं।
- स्टारलिंक अपने नेटवर्क के लिए तथाकथित "डेटा बैक हॉल" स्पाइन प्रदान करेगा। सैटेलाइट नेटवर्क वर्तमान में प्रति सेकंड लगभग 30 टेराबिट डेटा स्थानांतरित करता है।

2. भारत में जन्मी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री जो कल्पना चावला के बाद अंतरिक्ष में जाने वाली भारत की दूसरी महिला बनीं _____**सिरिशा बंदला।**

**नोट:**

- वह उस टीम का हिस्सा हैं जो अंतरिक्ष में अपनी पहली क्रू उड़ान भरेगी जिसमें उनकी भूमिका एक शोधार्थी अवलोकन की है।
- 34 वर्षीय एयरोनॉटिकल इंजीनियर का जन्म आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में और उनका पालन-पोषण टेक्सास के ह्यूस्टन में हुआ था।
- बंदला से पहले, राकेश शर्मा और सुनीता विलियम्स अन्य भारतीय थे जो अंतरिक्ष में गए थे।

----------0----------



Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co